## खूंटी में दम तोड़ रही है केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल जल योजना

# कुआं और चुआं का दूषित पानी पीने को विवश हैं ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता





**खूंटी।** राज्य सरकार और पेयजल और स्वच्छता विभाग की लापरवाही से केंद्र सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी हर घर नल जल योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। सोलर वाटर सप्लाई के लिए गांव-गांव में जलमीनार तो बना दिये गये, कोई-कोई घरों तक पाइप भी बिछा दी गई, लेकिन जलापूर्ति नहीं होने से यह योजना बेकार साबित हो रही है। कहीं-कहीं तो अब तक जलापूर्ति के बड़ी-बड़ी बाइप बिछाने का काम तक पूरा नहीं हुआ है। सैकड़ों गांव अब भी ऐसे हैं, जहां के लोग चुआं, और कुओं का दूषित पानी पीने को विवश हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए तो हाहाकार की स्थिति ऐसी है कि सुबह तीन बजे से ही लोगों की भीड़ चापानलों और कुओं से पानी लेने के लिए जमा हो जाती है। पहले तो स्नान करने और कपड़े आदि धोने के लिए नदी जाते थे, लेकिन बालू के अंधाधुंध उत्खनन से खूंटी जिले की तमाम नदियां सूख चुकी हैं। ऐसे में आदमी तो क्या, पशु-पक्षियों को भी पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

### एक लाख 19 हजार घरों में नल से जल पहुंचाने का है लक्ष्य

खूंटी जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के एक लाख 18 हजार 881 घरों में 2.024 तक नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। राज्य के पेयजल और स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने 19 जुलाई 2022 को इसकी घोषणा खूंटी परिसदन में पत्रकारों के साथ बातचीत में की थी, लेकिन जिस गति से योजना पर काम हो रहा है, उससे इस बात की संभावना कम ही नजर आती है कि इस वर्ष यह योजना पूरी हो जायेगी।

अब तक 30 फीसदी काम भी पूरा नहीं हो सका है।

### केंद्र की योजनाओं को लटकाना चाहती है राज्य सरकार : विधायक कोचे मुंडा

**जल जीवन मियान के तहत हर घर नल जल योजना में विलंब के संबंध में तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा कहते हैं कि न सिर्फ नल जल योजना, बल्कि केंद्र की तमाम विकास योजनाओं को राज्य सरकार लटकाना चाहती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की कमी को दूर करने औरहर व्यक्ति को स्वच्छ पानी देने कें लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योजना की शुरूआत की थी। यह प्रधानमंत्री की ड्रीम प्रोजेक्ट है और इसके लिए केंद सरकार ने राशि भी उपलब्ध करा दी है, पर राज्य सरकार चाहती ही नहीं है कि केंद्र की योजनाएं समय पर पूरी हों।**

## एफसी आराडीह और जांबाज ब्रदर्स का संघर्षपूर्ण मुकाबला रहा



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के आमलेशा जीएल चर्च फुटबाल मैदान पर महीने भर चलने वाले फुटबॉल लीग में फीफा का सभी नियमों का पूर्ण रूप से पालन किया जा रहा है। 90 मिनट का खेल से इस लीग मैच में भाग लिए सभी टीमों को खेल से संबंधित काफी कुछ सिखने को मिल रहा है। खिलाड़ियों को अपना हुनर दिखाने का एक अच्छा प्लेटफार्म मिला है। लीग के माध्यम से ही खिलाडियों को अपना आगे का भविष्य तय करने का अवसर मिलता है। आज खेले गये लीग मैच एफसी आराडीह और जाबाज ब्रदर्स का काफी संघर्षपूर्ण मुकाबला रहा। दोनों ही टीम एक दूसरे के प्रति आक्रमक दिखे, परंतु निर्धारित समय तक दोनों ही टीम अपना स्कोर को आगे बढ़ाने मे बिफल रहे। मैच ड्रा होने के कारण एक एक अंक पर ही दोनों टीम को संतुष्ट होना पड़ा। मैच के दौरान मैदान मे प्रेम पूर्ति, निशांत भेंगरा, रितेश गुप्ता, हीरालाल दास, हरीश चंद्र मुंडा, करम मुंडा, गुप्तेश्वर मुंडा, खगेन मुंडा, महावीर पुराण, जान कमल, खुदीया मुंडा गोविंद मुंडा आदि लोग उपस्थित थे। बुधवार को जूनियर एफ सी तमाड़ ओर मुंडा स्पोटिंग अरहंगा के बीचमैच शाम 3 बजे से होंगी।

# मतगणना कर्मियों को दिया मतगणना का प्रशिक्षण, चार जून को होगी मतगणना

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** मतगणना कार्य को सुचारूरु और सफल संचालन के लिए प्रशिक्षण कोषांग खूंटी द्वारा मंगलवार को स्थानीय लोयोला इंटर कॉलेज में मतगणना कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण कोषांग के मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतगणना कर्मियों को उनके कार्य और दायित्वों से अवगत कराते हुए पोस्टल बैलेट गणना और सामान्य वोटों की गिनती संबंधित सभी प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना माईक्रोआब्जर्वर और मतगणना सहायक शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम और प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आईटीडीए खूंटी आलोक शिकारी कच्छप की देखरेख में संपन्न हुआ। पदाधिकारियों द्वारा मतगणना कर्मियों को बताया गया कि मतों की गिनती चार जून को बिरसा कॉलेज खूंटी स्थित मतगणना केंद्र में की जायेगी। बताया गया कि मतगणना के दिन पूर्वाह्न छह बजे पोस्टल बैलेट स्ट्रांग रुम और पूर्वाह्न सात बजे बिरसा कॉलेज स्थित बज्रगृह को खोला जायेगा। उन्होंने बताया कि पोस्टल वोटों की गणना के लिए 30 टेबल लगाए जायेंगे। जबकि सामान्य वोटों की गिनती के लिए विधान सभावार 20-20 टेबल की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने मतगणना की गोपनीयता बनाए रखने पर विशेष बल देते हुए कहा कि इस कार्य में काफी सतर्कता और सावधानी बरतना अतिआवश्यक होगी। उन्होंने मतगणना कर्मियों से एकाग्रता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपील की ताकि मतगणना कार्य का त्रुटिरहित निष्पादन सुनिश्चित हो सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतगणना कर्मियों को विस्तार से बताया गया कि किन-किन दस्तावेजों को मिलान कर मतगणना का परिणाम प्राप्त करना है। बताया गया कि इवीएम की कंट्रोल यूनिट के माध्यम से किस तरीके से किए गए मतदान के मतों की गणना करनी है। सबसे पहले डाक मतपत्र की गणना आरंभ होगी।

इसके पश्चात इवीएम की कंट्रोल यूनिट द्वारा मतों की गणना प्रारंभ होगी। पोस्टल बैलेट का गणना कैसे करनी है, इसके बारे में बताया गया। साथ ही अवैध और वैध मतपत्र होने का कारण स्पष्ट किया गया। मतगणना कर्मियों को मास्टर ट्रेनर प्रदीप कुमार ओझा, विष्णुनंद तिवारी, देवेंद्र गोप, श्रवण बारला सहित अन्य मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण दिया।

# आंधी से दो घरों के एस्बेस्टस टूट गये



आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड के जामुदाग पंचायत अंतर्गत इडकू गांव में मंगलवार को आंधी ने दो घरों के एस्बेस्टस टुट गये। ग्रामीणों के अनुसार अचानक जोर से आंधी तूफान आया जिसे गांव के जीतू महतो ओर लखिमनी देवी का एस्बेस्टस उड़ गया, जिसे काफी नुकसान हुआ है। आंधी से जामुदाग-एडरमहातू सड़क में बड़ा पेड़ गिर जाने से काफी देर आवागमन बाधित रहा। इधर एडरमहातू गांव के रीता महतो और राज किशोर महतो के घर का एस्बेस्टस भी आंधी तूफान में उड़ गया है।

गांव में विधायक निधि से लगा हाईमास्ट लाइट भी क्षतिग्रस्त हुआ है।

## तमाड़ प्रखंड में नल-जल योजना के खिलाफ ठेकेदारों का मनमानी चरम पर



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के पुंडीदिरी गांव में प्रधानमंत्री की नल जल योजना के तहत घर घर नल के द्वारा जल पहुंचाने की सरकार का महत्वकान्छी योजना ठीकेदारों का मनमानी के कारण फलाफ सावित हो रही है। लगभग छह माह पूर्व टंकी निर्माण का कार्य संवेदक पंकज सिंह के द्वारा प्रारंभ किया गया था, लेकिन अभीतक लंबित है। लोग पानी के लिए तरस रहें, पिने के लिए लोग इस भीषण गर्मी में काफी दूर नदी या कुंवा से पानी लाने के लिए विवस है। पाइप लाइन के लिए सड़क के बिचो बीच गड्ढा खोद दिया गया जिससे पूरा सड़क बर्वाद हो गया है। लोगो को चलने मे काफी दिक्कत हो रही है, आये दिन दुर्घटना होते रहती है। इस विषय पर संज्ञान लेते हुए आजसू के केंद्रीय नेता हीरालाल दास ने ठीकेदार से दूरभाष पर बात कर जानकारी लेने की कोशिश की परंतु संपर्क नहीं होने के कारण नराजगी जताते हुए ठीकेदार को सोसल मिडिया के माध्यम अविलंब कार्य पुराकर लोगों को घरघर शुद्ध जल पहुंचाने को कहा। अन्यथा करवाई करने की चेतावनी दी।

## चार गाड़ियां भिड़ीं, दो की मौत और चार घायल

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र के रांची टाटा पथ पर रायडीह ओवर ब्रिज के पास आज रात चार गाड़ियां आपस में भिड़ जाने से दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। चार गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें तत्काल पुलिस व ग्रामीणो की मदद से बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा गया है। पुलिस देर रात शव को बरामद कर थाना में रखी है। पोस्टमार्टम के लिए आज रिम्स भेजा जायेगा। शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है। थानेदार अमित कुमार ने बताया कि एक बोलेरो व एलपी ट्रक आपस में भिड़ गए पुलिस ने सड़क को भी देर रात किलियर कराया यह इलाका डेंजर जोन है बराबर दुर्घटना होते रहती है।

# खलारी में महिला समूह की सदस्य से लुटेरों ने की डेढ़ लाख रुपयों की छिनतई, पुलिस जांच में जुटी

आजाद सिपाही संवाददाता



भुक्तभोगी महिला समूह की सदस्या।



लुट के बाद का सीसीटीवी फुटेज जिसमें भागते लुटेरे।

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड में मंगलवार की दोपहर करीब एक बजे अज्ञात मोटरसाइकिल लुटेरों ने मोहननगर की प्रकाश सखी मंडल महिला समुह की सदस्यों से डेढ लाख रूपयों से भरे झोला को छिन कर भाग गये। मिली जानकारी के अनुसार महिला समुह की अध्यक्ष रंजु देवी, सचिव सुशीला देवी, कोषाध्यक्ष रिंकु व सदस्य नीतु देवी दिन में लगभग एक बजे बैंक से डेढ लाख रुपये निकालकर पैदल ही खलारी केडी की ओर जाने लगी। समुह की सदस्य नीतु देवी झोला में बैंक से निकाले गये रुपये के अलावे सभी का आधार कार्ड, पहचान पत्र, निजी बैंक खाता, समुह का दो खाता, चेकबुक सहित अन्य जरूरी कागजात रखकर चल रही थी। वहीं पीछे से लाल रंग की पल्सर डुमिनार गाड़ी से दो लोग आये और नीतु के हाथ से झपट्टा मार कर रूपयों वाला झोला छिन कर तेजी से शहीद चैंक की ओर भाग निकला। नीतु ने बताया कि मोटरसाईकिल सवार एक व्यक्ति हेलमेट पहने हुए था जबकि दुसरा खुले मुह था। बताया कि सभी महिलायें चिलाते हुए उनके पीछे भागी। उस समय कई मोटरसाईकिल सवार वहां से गुजर रहे थे। जबतक आसपास के लोग समझ पाते मौके से लुटेरे भाग गये। घटना की जानकारी तुरंत ही खलारी पुलिस को दी गयी।

पुलिस भी कई जगहों से सीसीटीवी कैमरे से फुटेज निकालकर अपराधियों की पहचान व पकड़ने में लग गयी।

## अंबेडकर विचार मंच और सम्यक ज्ञान निकेतन ट्रस्ट ने लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण संपन्न कराएं जाने पर दी बधाई



**खलारी (आजाद सिपाही)।** अंबेडकर विचार मंच और सम्यक ज्ञान निकेतन ट्रस्ट ने लोकसभा चुनाव 2024 को बेहतर विधि-व्यवस्था के साथ शांतिपूर्ण संपन्न कराएं जाने को लेकर खलारी बीडीओ, खलारी सीओ, खलारी डीएसपी, खलारी थाना प्रभारी सहित सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहिया एवं चुनाव समन्न कराने वाले स्वसंसेवकों को बधाई दी है। सम्यक ज्ञान निकेतन ट्रस्ट के महासचिव श्याम जी महतो ने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 के तहत खलारी प्रखंड में सभी पंचायतों के सभी बूथों में सुगमता और पारदर्षिता से मतदान हुआ। मतदाताओं को प्रषासन की ओर से यथाषक्ति सुविधा भी उपलब्ध कराया गया। साथ ही ष्यामजी महतो ने खलारी के सभी मतदाताओं के अलावा मीडिया कर्मियों और सामाजिक संगठनों को भी लोकतंत्र को मजबूत करने में बढ़ चड़ कर दी गयी सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया।

## पुण्य तिथि पर शहादत दिवस मनाया गया

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले के द्वारा कॉ० घासी राम मुंडा के पैतृक गांव हेसादा में तीसरे पुण्य तिथि पर शहादत दिवस मनाया गया। इस मौके पर कामरेड घासी राम मुंडा के याद में दो मिनट का मौन रखकर उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। सुखदेव मुंडा, ठाकुरा मुंडा, पूर्णचंद्र मुंडा, दुर्योधन मुंडा, जयंती मुंडा, पार्वती मुंडा, अनंत मुण्डा, मगन मुंडा, जोगेन मुंडा, महावीर मुंडा, डोमा मुंडा, गुमान मुंडा, गौरसिंह मुंडा आदि संबोधित किया।

## सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए रंबल स्ट्रिप, साइनेज, ब्लिंकर लगाने का निर्देश

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से खूंटी जिलांतर्गत रांची-खूंटी एनएच -75ई के जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक निशांत रौशन और सहायक अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग खूंटी द्वारा मंगलवार को संयुक्त रूप से सड़क का निरीक्षण किया गया। इस दौरान दुर्घटना संभावित और संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में कालामाटी, डियर पार्क, कोबरा बटालियन, जियारप्पा, हुटार, तजना पुल, भगत सिंह चौक, और अनिगड़ा क्षेत्र का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार रंबल स्ट्रिप, साइनेज, ब्लिंकर लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही सड़क के किनारे फ्लैंक साइड को भी ठीक कराने का निर्देश दिया गया। इस दौरान तजना पुल के पास वन वे रोड मार्किंग, साइनेज, हुटार जियारप्पा प्रमुख जंक्शन के पास रंबल स्ट्रिप,घनी आबादी क्षेत्र सहित अन्य साइनेज लगाने के निर्देश दिए गये।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पालकोट।** प्रखड के उपस्वास्थ्य केंद्र, में युवा मैत्री केंद्र और आंगनवाड़ी केंद्रों में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। किशोर किशोरियों के बीच माहवारी पर जागरूकता सत्र, वाद विवाद सत्र, स्लोगन लेखन आदि का आयोजन किया गया। समस्याओं पर परामर्श और जागरूक किया गया। स्वास्थ्य उपकेन्द्रों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों पर ए.एन.एम., सहिया, सेविका एवं सेन्टर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (उ3) के द्वारा किशोरियों को माहवारी के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता रखने हेतु समझाया गया तथा साफ सूती कपड़े या सेनीटरी नेपकिन का इस्तेमाल एवं नेपकिन के उपयोग के बाद उसका विसर्जन के बारे में विस्तार से बताया गया क्योंकि व्यक्तिगत स्वच्छता एवं नेपकिन या साफ कपड़े के इस्तेमाल से संक्रामण से बचा जा सकता है। इससे जुड़ी उपचारात्मक सेवा एवं परामर्श के लिए किशोरियां प्रखंड में अवस्थित सरकारी युवा मैत्री केन्द्रों में जाकर सेवा प्राप्त कर सकती हैं। अपने घर परिवार में अपनी मां, बहन और पत्नी को सहयोग कर सकें। विभिन्न गतिविधियों के द्वारा किशोरियों के बीच यह संदेश दिया गया कि माहवारी एक स्वाभाविक प्रक्रिया है एवं इस विषय पर हमे खुल कर बात करनी चाहिए मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का आयोजन आज के ही दिन 28 मई को किया जाता हैं इस दौरान सभी लड़को ,युवाओ एवं पुरुषों का मुख्यतः यह कर्त्वय बनता हैं कि माहवारी पर समाज में व्याप्त चुप्पी, संकोच, को तोड़ने, मासिक धर्म के समय व्यक्तिगत साफ सफाई पर जागरूकता बढ़ाने और मासिक धर्म से जुड़े नकारात्मक सामाजिक मानदंडों को बदलने के लिए उनका आगे आना समाज के लिया हितकारी होगा क कार्यक्रम के अंत में सभी किशोर किशोरियों ने उत्साह के साथ नारा लगाया ₹पीरियड फ्रेंडली वर्ल्ड और माहवारी पर चुपी तोड़ो स्वस्थ जीवन से नाता जोड़ो₹ इस आयोजन में युवा मैत्री केंद्र के सलाहकार प्रशन बिनीता मिंज सहिया सबिता,सुनीता देवी सेविका अंजनी देवी. पूनीता कुशमा के अलवे सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व पुरुष शामिल थे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सेंटर फॉर केटलाइजिंग की टीम का मतवपूर्ण योगदान रहा।

# तीन वर्षों में भी पूरा नहीं हुआ खूंटी बस स्टैंड का निर्माण कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी शहर को रोज-रोज के जाम से मुक्ति दिलाने के लिए खूंटी नगर पंचायत द्वारा मुख्य शहर से लगभग एक किलोमीटर नये बस पड़ाव का मिर्नाण कराया जा रहा है, लेकिन 2021 में शरू हूआ निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका है। परिणामस्वरूप तीन वर्षों से यह कार्य अधर में लटका हुआ है। बता दें कि खूंटी जिले का गठन 2007 में हुआ था, लेकिन अब तक एक भी बस स्टैड का निर्माण नहीं कराया गया है, जबकि हर तदन इस क्षेत्र में एक सौ से अधिक बसों का परिचालन होता है। जिला मुख्यालय होने के कारण खूंटी शहर में भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। यहां दर्जनों स्कूल कॉलेंज और सरकारी-गैर सरकारी शिक्षण संस्थान और कार्यालय है। इसके कारण यहां के लोगों को हर दिन जाम की गंभीर समसरूसा सें दो-चार होना पड़ता है। खूंटी थाना के समीप बसें और अन्य छोटे यात्री वाहन खड़े रहते हैं। भगत सिंह चौक कें पास भी हर दिन काफी संख्या में वाहन लगे रहते हैं। बताया गया कि बस स्टैंड का निर्माण 2021 में शुरू हुआ था और इसे डेढ़ वर्षों में तैयार करना था, लेकिन तीन वर्ष कें बाद भी निर्माण कार्य अब तक अधूरा है। **खूंटी नगर पंचायत के पूर्व वार्ड पर्षए और भाजपा नगर मंडल के अध्यख सुरेश जायसवाल ने कहा :** कि रांची-खूंटी रोड पर लगभग दो करोड़ 50 लाख रुपये की प्राक्कलित राशि से बना रहे बस स्टैंड को 2023 में ही पूरा हो जाना था, लेकिन अब यह आधा-अधूरा पड़ा है। कहा कि बस स्टैंड बनकर तैयार हो गया होता, तो खूंटी में सड़क किनारे बसों को खड़ा करके पैसेंजर उतारना-चढ़ाना नहीं पड़ता। बस स्टैंड के पास दुकानों के बन जाने से वहां कुछ लोगों का रोजगार भी मिलता है। नामकोम निवासी अमिताभ साहू ने बताया कि तीन वर्ष से बन रहा बस स्टैंड अब तक तैयार नहीं हुआ है। इसके कारण शहर में हमेशा जाम की स्थिति बन जाती है। इस पर न तो नेता-मंत्री बात करते हैं और न ही कोई अधिकारी। राजू महतो ने कहा कि बस स्टैंड बन जाने से खूंटी के लोगों को काफी सहूलियत होती। उन्होंने कहा कि जिस ढंग से बस स्टैंड का निर्माण कराया जजा रहा है, उससे वहा जल जमाव का खतरा हो सकता है। बस स्टैंउ को सड़क से काफी नीचे बनाया जा रहा है।

## विज्ञान केंद्र में प्रारंभ हुआ समर कैंप

### तीन दिवसीय कैंप में विज्ञान से जुड़े रोचक तथ्यों से बच्चों को कराया जायेगा अवगत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से गुमला विज्ञान केंद्र में मंगलबार से तीन दिवसीय समर कैंप शुरू किया गया। जिसमें थ्रीडी प्रिंटिंग, रोबोटिक्स आदि सहित विज्ञान से जुड़ी गतिविधियों से बच्चों का ज्ञानवर्धन किया जायेगा ताकि ग्रीष्मावकाश में बच्चे समय का सदुपयोग करते हुए नयी तकनीक सीख सकें। इस समर कैंप के उद्घाटन के अवसर पर प्रेरणा सत्र में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक अमृत कुमार मेटे द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। कैंप को सफल बनाने में नोडल पदाधिकारी दिलदार सिंह तथा डीएमएफटी फेलो अविनाश गौरव सहित साइंस सेंटर से कोऑर्डिनेटर अंकिता, आकांक्षा एवम काजल आदि लगे हुए हैं। समर कैंप में निजी तथा सरकारी विद्यालय से मिलाकर कुल 26 बच्चे भाग ले रहे हैं। जिसमें सरकारी विद्यालय के सात बच्चों को जिला प्रशासन द्वारा स्पॉन्सर किया जा रहा हैं। इस कैंप में विभिन्न रोचक गतिविधि और विज्ञान केंद्र के भ्रमण सहित म्यूजिकल गतिविधि भी करायी जा रही है । कैंप के समापन के अवसर पर दिनांक 30 मई को उपायुक्त के करकमलों से सभी को पुरस्कृत करते हुए प्रमाणपत्र वितरित किए जायेंगे। नोडल पदाधिकारी दिलदार सिंह ने जानकारी दी कि समर कैंप की शुरूआत की गयी है।

# जैलेंद्र कुमार ने किया शिव महामंडा पूजा का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** मसरीजारा गांव में शिव महामंडा पूजा आयोजन हुआ। शिव भक्ति की आस्था से जुड़ा यह पर्व लगातार 7 दिनों तक भोक्ता एवम सोखताइन गण के कठिन तप के बाद रात में फुलखुंदी (जलते अंगारों चलना) के साथ रात्रि जागरण एवं सुबह झूलन के साथ समापन होता है। इस अवसर पर 151 भोक्ता एवं सोखताइन भइया बहनों ने भाग लिया। रात में आयोजित छउ नाच का आयोजन हुआ। अखाड़े का फीता काट कर उद्घाटन भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने किया। साथ ही जलते अंगारों पर भोक्तागण एवं सोखताईं बहनों के भक्ति भाव से चलने को देखा। मौके पर जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, पीएसएस संजोती देवी, रोशनी देवी, रामसाय मुंडा, धनीराम महतो, अघनू महतो, सहदेव महतो, लालदेव महतो, महावीर महतो, जगेसर महतो, वार्ड सदस्य रीता देवी, छोटे लाल महतो, महावीर महतो सहित सैकड़ों महिला पुरुषों ने कार्यक्रम का आनंद लिया। जैलेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि यह मंडा पूजा नागवंशी राजाओं द्वारा भगवान शिव पार्वती की आराधना में शुरू की गयी थी, जिसे आज भी जनजाति क्षेत्रो में हर्षोल्लास के साथ मानाया जाता है।

# अनगड़ा के बेंती में महिलाओं ने मनाया विश्व माहवारी दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड अंतर्गत बीसा पंचायत के बेंती गांव में मंगलवार को विश्व माहवारी दिवस मनाया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता बेंती गांव की जल सहिया सुमन कुमारी ने की। वहीं, समाजसेवी आयुष कुमार ने किशोरियों एवं महिलाओं को पिरियड्स के दौरान होने वाली विभिन्न प्रकार कि समस्या और बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि इस दौरान स्वच्छता का खास ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर 'चूपी तोड़ो स्वथ्य रहो' सलोग्न के नारे को बुलंद करते हुए किशोरियो एवं महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में निशा कुमारी, खुशी कुमारी, संतोषी कुमारी, मुस्कान कुमारी, सोनिका कुमारी, सरिता कुमारी, अनिता कुमारी, प्रमिला कुमारी, प्रियंका कुमारी, सविता कुमारी, प्रिति कुमारी, शिवानी कुमारी, ललिता कुमारी, रेखा कुमारी, सरिता देवी, गुडिया कुमारी, सिमा देवी, प्रिया कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सुनिता देवी, चांदनी कुमारी, समाजसेवी अजय कुमार करमाली सहित अन्य शामिल थे।

# मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर कार्यक्रम का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** विश्व माहवारी दिवस के अवसर पर पीरामल फाउंडेशन एवं ग्राम जल व स्वच्छता समिति की ओर से मंगलवार को अनगड़ा प्रखंड के पैका, जरगा एवं जोन्हा गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। पैका में कार्यक्रम की अध्यक्षता जलसहिया ऊर्मिला देवी, जरगा में जलसहिया एतवारी देवी एवं जोन्हा में जलसहिया ललिता देवी ने किया। इस अवसर पर किशोरियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान होने वाली दिक्कतों से बचाव के उपाय तथा सावधानी और स्वच्छता को लेकर विशेष रूप से जागरूक किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे पीरामल फाउंडेशन की गांधी फैलो नारायणी कुमारी ने मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व और इस दिन को मनाने के महत्व के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर सेनेटरी पैड का वितरण किया गया और विभिन्न उदाहरणों और रंगोली डिजाइनिंग के माध्यम से समूह चर्चा के माध्यम से समुदाय को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किशोरी और महिलाओं ने भाग लिया।

# नरकोपी के मकुंदा में दो दिवसीय मंडा पूजा लोटन सेवा के साथ शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के नरकोपी मकुंदा गांव में शिव मंडा पूजा समिति सह त्रिलोकीनाथ महादेव मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में मंगलवार की सुबह वार्षिक मंडा पूजा समारोह धार्मिक अनुष्ठान लोटन सेवा के साथ शुरू हुआ। जिसमें पुरुष भोक्ता और महिला सोगताईन ने भाग लिया। वहीं धार्मिक अनुष्ठान पुजारी नारायण गिरी और पाट भोक्ता संतोष लोहरा की अगुवाई में हुआ। लोटन सेवा के तहत शिवभक्तों ने नंगे बदन तपती जमीन पर लोटकर अपनी भक्ति व आस्था का परिचय दिया। वहीं रात में शिवभक्त दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर अपनी भक्ति, आस्था व शक्ति का परिचय दिये। साथ ही छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। जबकि बुधवार को झूलन, मेला और रात में भक्ति जागरण का आयोजन होगा। समारोह को सफल बनाने में अजय कुमार साहू, महावीर साहू, राजू साहू, प्रमोद साहू, संदीप साहू, जगमोहन साहू, द्वारिका साहू आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# कार के धक्के से वृद्ध की मौत

## घर जाने के लिए होटल से बाइक से निकलते समय हुई दुर्घटना

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के असरो पेट्रोल पंप के समीप रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर मंगलवार की दोपहर सड़क दुर्घटना में 60 वर्षीय एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गयी। उसकी पहचान कामेश्वर प्रसाद गुप्ता के रूप में हुई है। वह गुमला जिले के डाड़हा गांव के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार इस दिन दोपहर कामेश्वर प्रसाद गुप्ता पेट्रोल पंप के बगल में स्थित अपने होटल से अपनी बाइक (मोपेट) से घर जाने के लिए निकले थे। तभी सामने से तेज गति से आ रही एक ऑल्टो कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आनन फानन उनके पुत्र राजेश गुप्ता ने 108 एंबुलेस की मदद से सीएचसी भरनो ले गये। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। रिम्स अस्पताल ले जाने पर ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान शाम को कामेश्वर प्रसाद गुप्ता ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद भरनो और डाड़हा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। इधर स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है।



कामेश्वर प्रसाद गुप्ता। (फाइल फोटो)

## टायर फटने से पलटी कार, बाल-बाल बचा चालक

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जरिया गांव के समीप रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर मंगलवार की शाम करीब पांच बजे एक कार का अगला टायर फट जाने से कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर सड़क पर पलट गया। हालांकि इस हादसे में चालक बाल-बाल बच गया। वहीं कार पलटने की आवाज सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। हादसे के बाद चालक को लोगों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कार चालक गुमला कॉलोनी निवासी शुभम कुमार ने बताया कि वह रांची से अपने घर गुमला जा रहा था। जैसे ही वह जरिया गांव के पास पहुंचा तो उसके कार का अगला टायर फट गया और कार सड़क पर पलट गया। इधर घटना की सूचना पर घटना स्थल बेड़ो थाना पुलिस पहुंची और जेसीबी से कार को सड़क से हटवाया।

# मंडा पूजा हमें एक सूत्र में पिरोती है : राजकुमार महतो

**भोक्ताओं ने आकाश से उड़ाये आस्था के फूल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव में मंडा पूजा का आयोजन हुआ। 350 भोक्ताओं ने आसमान से आस्था के फूल उड़ाए। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण मौके पर मौजूद रहे। इससे पूर्व सोमवार की देर रात भोक्ताओं ने आग पर नंगे पांव चलकर अपनी भक्ति एवं शक्ति का परिचय दिया। इस अवसर पर केंद्रीय मंडा पूजा समिति के झारखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो ने कहा कि आज हमें नागवंशी राजाओं एवं अपने पूर्वजों की विरासत में मिली मंडा पूजा को बचाए रखना हमारा कर्तव्य है। मंडा पूजा हमें एक सूत्र में पिरोती है। समाज के हर जाति के लोग इस अनुष्ठान में शामिल होते हैं और ग्राम की खुशहाली, सुख, समृद्धि, कोई विपदा ना आए इसके लिए पूजा का आयोजन हर वर्ष होता है। यहां के युवाओं द्वारा भव्य मंडा पूजा का आयोजन किया गया, इसके लिए केंद्रीय मंडा पूजा समिति, झारखंड उनका हृदय से आभार व्यक्त करती है। इस मौके पर महासचिव उदय पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र साहू, संगठन महासचिव संजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष विश्वजीत गोप, उपाध्यक्ष भोला चौधरी, सरवन गोप, दिवाकर प्रसाद, सचिव राम प्रसाद गोप, दिलीप गोप, पप्पू सिंह सहित मंडा पूजा समिति, गिंजो, ठाकुरगांव के सम्मानित अध्यक्ष लाल राजीव नाथ शाहदेव आदि उपस्थित थे।





# अबकी बार होगा 400 पार : गंगोत्री कुजूर

**पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने किया लापुंग का दौरा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड के पूर्व भाजपा मंडल उपाध्यक्ष लखन साहू की तबीयत विगत 15 दिनों से खराब है। उनका इलाज रांची में चल रहा था। कुछ स्वस्थ में सुधार होने के बाद वे अपने घर लौट आए हैं। इसकी सूचना पाकर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर व एसटी मोर्चा मीडिया प्रभारी भोगने सोरेन मंगलवार को उनका हलचाल पूछने उनके आवास पहुंचे। साथ ही लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की बात कही। गंगोत्री कुजुर ने कहा कि इस बार भाजपा 400 का आंकड़ा पार का नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्र में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। उन्होंन कहा कि मोदी है तो मुमकिन है। जो चोरी करेगा उसे जेल जाना ही पड़ेगा। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई। मौके पर ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष नंदलाल साहू, मंत्री जितेंद्रपाल सिंह ने लखन साहू के जल्द स्वस्थ लाभ होने की कामना की।



## आदिवासियों के उन्नयन पर व्याख्यान 30 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा कॉलेज के सभागार में 30 मई पूर्वाह्न 11 बजे से जनजातीय विषय 'गौरव - गरिमा के साथ विकासः आदिवासियों के संदर्भ में' पर आधारित व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुख्य वक्ता के तौर एक्सआइएसएस के निदेशक डॉ फादर जोसेफ मरियानुस कुजूर, एसजे विषय सम्बन्धित जानकारियां साझा करेंगे।

# बेड़ो के कन्या मध्य विद्यालय का 8वीं बोर्ड का रिजल्ट शत प्रतिशत

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** जैक की ओर से आयोजित आठवीं बोर्ड परीक्षा में बेड़ो राजकीय कन्या मध्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। विद्यालय के 16 बच्चों ने सभी विषयों में ए प्लस और 38 बच्चों ने ए प्लस या ए ग्रेड प्राप्त किया है। ए प्लस प्राप्त करने वालों में दीपक, रोशनी, अंजली, कविता, पवन, दिलीप, विकास, पंकज, प्रियांशु, प्रतिमा, शिवानी, दशरथ, रोहित, जयंती, फूल केरकेट्टा शामिल हैं। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक विजेंद्र चौबे ने कहा कि यह रिजल्ट छात्रों एवं शिक्षकों के सम्मिलित प्रयास का ही परिणाम है। विद्यालय आगे भी बेहतर परिणाम देने के लिए प्रयासरत रहेगा। वहीं परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावे छात्र-छात्राओं व अभिभावकों के बीच हर्ष का माहौल है। स्कूल की शिक्षिकाओं में रेखा रानी, पूनम टोप्पो, निर्मला मिंज, आशा कुल्लू व सुशीला कुजुर ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## टेंगरिया गांव के जतराटांड़ में 10 पड़हा जेठ जतरा समारोह का आयोजन

# शिक्षा के बगैर विकास नहीं: परमेश्वर भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** शिक्षा के बगैर समाज का विकास नहीं हो सकता। उक्त बातें पूर्व डीडीसी परमेश्वर भगत ने कहीं। वे टेंगरिया गांव स्थित जतरा टांड़ में आयोजित 10 पड़हा जेठ जतरा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। वहीं, कार्यक्रम में बतौर सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व कुलपति डॉ रविंद्र नाथ भगत ने कहा कि जतरा हमारी सांस्कृतिक पहचान है। हमें एकजुट होकर जनजातीय समुदाय की सामाजिक व सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए आगे आना होगा। उन्होंने भी मानव समाज के व्यापक विकास के लिए शिक्षित होने पर बल दिया। वहीं समारोह का उद्घाटन पूर्व डीडीसी परमेश्वर भगत, पूर्व कुलपति डॉ रविन्द्र नाथ भगत, 21 पड़हा राजा महादेव कुजूर, 10 पड़हा राजा रोहित उरांव आदि ने संयुक्त रूप से किया। इसके पूर्व ग्रामीणों ने झंडा, ढोल, ढाक, नगाड़ा व मांदर की थाप पर शोभायात्रा निकाला। जो पूरे गांव की परिक्रमा करते हुए सीधे जतरा टांड़ पहुंचा। जहां ग्रामीणों ने पूजा अर्चना की। साथ ही ग्रामीणों ने जतरा टांड़ में सामूहिक रूप से जतरा राग पर आधारित परंपरागत नाच गान प्रस्तुत किया। मौके पर डा नाफर अली, मुखिया कुंवारी खलखो, पंसस विशेश्वर उरांव, प्रो मंगा उरांव, जगरे उरांव व 5 पड़हा राजा लंबू उरांव आदि मौजूद थे। समारोह की अध्यक्षता बिन्नी उरांव, संचालन संजय उरांव व धन्यवाद ज्ञापन 10 पड़हा राजा रोहित ने किया। वहीं, समारोह को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष बिन्नी उरांव, विगा उरांव, खद्दी उरांव, रंजीत उरांव, मलरू भगत, रवि उरांव, सोमरा पहान, बासु उरांव, बिरसा उरांव, बिजला उरांव व पंकज उरांव आदि ने सराहनीय योगदान दिया।




कार्यक्रम का उद्घाटन करते पूर्व कुलपति डॉ रविंद्र नाथ भगत, पूर्व डीडीसी परमेश्वर भगत और अन्य।

# भोक्ताओं ने बरसाये आस्था के फूल

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड के टुंठूल गांव स्थित मंडाटांड़ में टुंठूल मंडा पूजा समिति की ओर से मंगलवार को वार्षिक मंडा पूजा आयोजित हुआ, जो झूलन के साथ संपन्न हुआ। मुंडा पूजा के झूलन में इस वर्ष सैकड़ो भोक्ताओं ने भाग लिया। इससे पूर्व कई दिन के अनुष्ठान जिसमें लोटन सेवा, धुआं सुआं फूल कुंदी के बाद मंडा पूजा का झूलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। मंडप पूजा कार्यक्रम में 250 भोक्ताओं एवं 250 महिला सोगताईन ने भाग लिए। वहीं धार्मिक अनुष्ठान गोसाईं और पाट भोक्ता की अगुवाई में की गई। सोमवार को लोटन सेवा के तहत शिवभक्तों ने नंगे बदन तपती जमीन पर लोटकर अपनी भक्ति व आस्था का परिचय दिया। वहीं भोक्ताओं ने भगवान शिव व माता पार्वती के प्रति अपनी आस्था जतायी।

वहीं शिवभक्त दहकते अंगारों पर चलकर अपनी भक्ति, आस्था व शक्ति का परिचय दिए। जबकि मंगलवार को सैकड़ों भोक्ताओं ने झूलन में भाग लेकर ग्रामीण के ऊपर भगवान का आशीर्वाद स्वरुप फूल बरसाया। रात में आर्केस्ट्रा का आयोजन हुआ। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष कमलेश ओहदार, कार्यकारी अध्यक्ष महावीर नायक, महामंत्री अनिल मुंडा, कोषाध्यक्ष सुजित महतो, भोलानाथ अवतार, कार्तिक महतो, महावीर महतो, शंकर महतो, दशरथ महतो, चिंकू महतो, खुड़िया नायक, अगम लाल महतो, रंथू महतो, अनिल मुंडा, रमेश महतो, आर्मी सचिन महतो, अनिल महतो, सुमन महतो, रविंद्र मुंडा, संदीप महतो, सुजीत महतो, सुरेश महतो, अजीत महतो, दीपक सहित शिव मण्डा पुजा समिति टुण्डूल, डोरियाटोली, मटटोली, होटवासी शाहिद आसपास के दर्जनों गांव के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



## पांच दिनों से किशोर लापता, सनहा दर्ज



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के राढ़हा गांव निवासी शंकर लोहार का 14 वर्षीय पुत्र राहुल लोहार विगत 24 मई की सुबह 11 बजे से लापता है। इस संबंध में परिजनों ने पिठोरिया थाना में सनहा दर्ज कराया है। वह चेक शर्ट, ब्लू जींस और काला जूता पहना है। उसकी लंबाई 5 फीट 2 ईंच है। परिजनों ने उसका पता चलने पर 6206799923 व 6200699657 नंबर पर संपर्क कर सूचना देने की अपील की है। खबर देने वाले को उचित सम्मान राशि भी देने की बात कही गई है।

## लापुंग-कर्रा प्रखंड में नेटवर्क की समस्या लाभुकों को दूर जाकर लगाना पड़ता है अंगूठा



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के फतेहपुर, गोविंदपुर (जरियागढ़) व चालंगी के जनवितरण के लाभुको को चार किमी दूर जाकर चावल का उठाव और अंगूठा लगाना पड़ता है। जरूरी काम छोड़कर महिला-पुरुष सुबह पांच बजे लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करते है। वर्तमान समय में 5जी नेटवर्क चालू है, लेकिन जनवितरण दुकानदारों का पॉश मशीन 2जी या 3जी एयरटेल नेटवर्क से जोड़ा गया हैं जिससे नेटवर्क समस्या के चलते लाभुकों को दूर-दूर तक भटकना पड़ता है। जिससे लाल कार्ड धारी और पीला कार्दधारियों को परेशानी होती है।

## अभिभावक और शिक्षक के बीच संगोष्ठी का आयोजन, बच्चों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के कुंदलोंग स्थित आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बीएड सत्र 2022-24 द्वितीय वर्ष एवं 2023-25 प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं के अभिभावकों के साथ शिक्षकों की संगोष्ठी संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ रामकेश पांडेय एवं अभिभावकों की ओर से मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। प्रशिक्षुओं के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक एवं अभिभावकों द्वारा विचार दिए गए। डॉ रामकेश पांडेय ने महाविद्यालय की उपलब्धि, विद्यार्थियों के परफॉर्मेंस और छात्रों के चतुर्दिकसंस्थान कृत संकल्पित होने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन हरीश कुमार पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन वागीश दूबे ने किया। इस मौके पर शुभा शर्मा, रमावती कुमारी, संगीता, डेजी लकड़ा, रामजी यादव, कमलेंद्र नाथ त्रिपाठी, मोहित तिवारी, ओमप्रकाश आदि थे।

## विश्व माहवारी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** विश्व माहवारी दिवस पर नगड़ी प्रखंड अंतर्गत आंगनबाडी केंद्र उरांव टोली में मंगलवार को महावारीइ स्वच्छता दिवस मनाया गया। जिसमें यूनेसेफ सपोट टीम आइडीएफ के सुरेश अग्रवाल ने महिलाओ और किशोरियो के बीच महावारी स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी। वहीं, जल सहिया रिंकी देवी द्वारा बच्चों को सैनेटरी पैड के उपयोग के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में मुखिया जय गोपाल उरांव, आंगनबाड़ी सेविका विमला देवी, स्वास्थ्य सहिया सुनीता कुजूर, प्रखंड सोसल मोवीलाइजर अजय महतो आदि थे।

